समाचार

मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम

महापौर ने किया ई–कार्यात्मक साक्षरता केन्द्र का उद्घाटन

कोरबा 28 फरवरी 2019 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम के तहत शासकीय प्राथमिक शाला कोरबा टाउन में ई–कार्यात्मक केन्द्र का उद्घाटन किया, उन्होने कहा कि इस साक्षरता केन्द्र के माध्यम से 14 से 60 वर्ष आयु समूह के लोगों को डिजिटल साक्षरता प्राप्त होगी, निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ शासन की यह एक महत्वपूर्ण योजना है।

मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के कोरबा शहर में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला कोरबा टाउन में ई–कार्यात्मक साक्षरता केन्द्र स्थापित किया गया है, आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के द्वारा इस केन्द्र का विधिवत उद्घाटन किया गया, उन्होने मां सरस्वती के तैलचित्र पर पुष्पमाला अर्पण एवं पूजा अर्चना कर केन्द्र का उद्घाटन किया। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि इस ई–कार्यात्मक केन्द्र के माध्यम से 14 से 60 वर्ष आयु समूह के लोगों को डिजिटल साक्षरता प्रदान की जाएगी, जिसका लाभ लोगों को प्राप्त होगा। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष श्री राजकिशोर प्रसाद, प्रदेश सचिव श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, पार्षद मनीष शर्मा एवं गीता महंत ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। जिला परियोजना अधिकारी श्री सतीश प्रकाश सिंह ने बताया कि ई–कार्यात्मक साक्षरता केन्द्रों के सुचारू क्रियान्वयन हेतु प्रभारी अधिकारी केन्द्र प्रभारी नियुक्त किए गए हैं एवं ई–एजुकेटर का चिन्हाकन किया गया है। उन्होने बताया कि शहरी क्षेत्र के डिजिटल असाक्षरों को डिजिटल साक्षर किया जाएगा, जिसके तहत डिजिटल उपकरणों, मोबाईल इंटरनेट, आनलाईन मोबाईल सेवा, सोशल नेटवर्किंग यदि

का परिचालन शिक्षार्थियों को सिखाया जाएगा, इसके अलावा वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता, चुनावी साक्षरता, श्रेष्ठ पालकत्व, जनस्वास्थ्य जीवन कौशल, जनकल्याणकारी विषयों पर शिक्षार्थियों को जागरूक बनाने का कार्य किया जाएगा।